

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी प्रत्येक भूल कुछ न कुछ सीखा देती है ।

शुक्रवार 06 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 131 पृष्ठ 4 | www.keshavtv24.com | www.keshavtvbihar@gmail.com


## मुख्य पार्षद व कार्यपालक अधिकारी के खिलाफ हिलसा नगर परिषद में तालेबंदी, 18 वार्ड पार्षदों का धरना

*रानी सिन्हा की रिपोर्ट।*

केशववाणी । हिलसा (नालंदा)। नगर परिषद हिलसा में गुरुबार को उस समय हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब करीब 18 वार्ड पार्षदों ने एकजुट होकर नगर परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और धरना पर बैठ गए। पार्षदों ने मुख्य पार्षद एवं कार्यपालक अधिकारी पर मनमानी, पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया।



प्रदर्शनकारी पार्षदों का कहना था कि नगर परिषद में विकास योजनाओं और सरकारी कार्यों से संबंधित निर्णय बिना उनकी सहमति के लिए जा रहे हैं। वा. र्डों की समस्याओं को लेकर कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे सभी पार्षदों में आक्रोश व्याप्त है।

धरना के दौरान पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध जताया और मांग की कि जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान दिया जाए तथा विकास कार्यों में उनकी भ. ागीदारी सुनिश्चित की जाए। तालेबंदी के कारण नगर परिषद कार्यालय का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया और आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।उपमुख्य पार्षद दुर्गा देवी ने कहा कि मुख्य पार्षद और कार्यपालक अधिकारी के मनमाने रवैये से सभी पार्षद परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और वार्ड पार्षदों को जानकारी तक नहीं दी जाती। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस पहल नहीं की जाएगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और कार्यालय का ताला नहीं खोला जाएगा।पार्षदों के इस कदम से नगर परिषद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और मामले के जल्द समाधान की मांग उठने लगी है।

## 10 फरवरी से जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू, घर–घर जाकर खिलाई जाएगी दवा, डीएम कुंदन कुमार की अध्यक्षता में एमडीए कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी 2026 से प्रारंभ होने वाले एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान की सफलता को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई।




फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 फरवरी से नालंदा जिले के 11 प्रखंडों कृ बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र, बिंद, चंडी, एकंगरसराय, इस्लामपुर, नूरसराय, परवलपुर, रहुई, सरमेरा, सिलाव एवं थरथरी कृ में एमडीए अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के तहत 10 से 24 फरवरी तक 14 दिनों तक घर–घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। वहीं 25 से 27 फरवरी तक स्कूल, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, बस स्टैंड आदि सार्वज. निक स्थलों पर बूथ कैंप लगाए जाएंगे। 11 फरवरी से आंगनबाड़ी केंद्रों पर मेगा कैंप भी आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में बताया गया कि फाइलेरिया, जिसे आम भाषा में हाथीपांव कहा जाता है, मच्छर के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है। यह शरीर के हाथ, पैर, स्तन और अंडकोष (हाइड्रोसिल) को प्रभावित कर स्थायी दिव्यांगता का कारण बन सकती है। इस बीमारी की पहचान में 5 से 15 वर्ष तक लग सकते हैं। इससे बचाव के लिए साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा (डीईसी एवं एल्बेंडाजोल) का सेवन आवश्यक है।

दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को यह दवा भरपेट भोजन के बाद लेनी होगी। आशा और एएनएम कार्यकर्ता घर–घर जाकर दवा खिलाएंगी। दवा सेवन के बाद हल्का सिरदर्द, बुखार, उल्टी या चक्कर जैसे लक्षण आ सकते हैं, जो सामान्य हैं।

डीएम ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति में एंबुलेंस एवं अस्पतालों में त्वरित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जाएगा। बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, जीविका, नगर निकाय, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) सहित अन्य संस्थाएं जागरूकता अभियान चलाएंगी। महादलित विकास मिशन के विकास मित्र, पीडीएस डीलर, एनसीसी और स्वयंसेवी संगठन लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करेंगे।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के हर व्यक्ति तक दवा पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए और कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। ग्राउंड लेवल पर विशेष मॉनिटरिंग की जाएगी।

बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य समिति), जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन, लेपरा, सिफार, डब्ल्यूएचओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## ऐपवा–आइसा की 'बेटी बचाओ, न्याय यात्रा' पतियामा से शुरू होकर राजगीर पहुंची

### नीट छात्रा कांड सहित बेटियों पर बढ़ती हिंसा के खिलाफ राज्यव्यापी संघर्ष का ऐलान

अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट । केशववाणी । राजगीर (नालंदा)। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) और आइसा के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही 'बेटी बचाओ, न्याय यात्रा' गुरुवार को राजगीर पहुंची। यह यात्रा बुधवार को जहानाबाद जिले के पतियामा गांव से शुरू हुई थी और राज्यभर में बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय की मांग को लेकर विभिन्न जिलों में जनसभाएं एवं नुक्कड़ सभाएं कर रही है।

यात्रा का नेतृत्व ऐपवा की महासचिव कॉमरेड मीना तिवारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नीट छात्रा की हत्या और दुष्कर्म की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। बिहार में बेटियां असुरक्षित हैं और सरकार उन्हें सुरक्षा देने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में सरकारी तंत्र अपराधियों को बचाने और पीड़ित परिवारों को डराने में लगा रहता है।उन्होंने कहा कि केवल सीबीआई जांच की घोषणा पर्याप्त नहीं है, बल्कि दोषियों को कड़ी सजा और पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। न्याय यात्रा नालंदा जिले के विभिन्न इलाकों में सभाएं और संवाद कार्यक्रम करते हुए आगे बढ़ रही है। यात्रा का रात्रि विश्राम नवादा में होगा, जिसके बाद यह नवादा, गया, औरंगाबाद, अरवल और पटना होते हुए 10 फरवरी को बिहार विधानसभा के समक्ष आयोजित बड़े महिला प्रदर्शन के साथ संपन्न होगी।

यात्रा में ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी के साथ संगीता सिंह, रीता वर्णवाल, लीला वर्मा, वंदना प्रभा, आफशा जबीं तथा आइसा की राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी, प्रिया, अनु और दीपंकर सक्रिय रूप से शामिल हैं।इस अवसर पर जिला सचिव कॉमरेड सुरेंद्र राम, राजगीर के पार्टी प्रभारी शत्रुध्न कुमार, निरंजन भारती, रामाधीन प्रसाद, उमेश पासवान, प्रमोद यादव, गिरजा देवी, रेणु देवी, चुन्नू प्रसाद सहित अनेक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## डीएम कुंदन कुमार ने नवनिर्मित ई–लाइब्रेरी भवन का किया निरीक्षण, शीघ्र संचालन का दिया निर्देश

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान धनेश्वर घाट, बिहारशरीफ स्थित नवनिर्मित ई–लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

डीएम ने निर्देश दिया कि ई–लाइब्रेरी को यथाशीघ्र क्रियाशील किया जाए, ताकि छात्र–छात्राओं एवं आम लोगों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही लाइब्रेरी की सुरक्षा, साफ–सफाई एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा।



इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।







# ‘बेटी बचाओ न्याय यात्रा’ बिहारशरीफ पहुंची, हॉस्पिटल मोड़ पर जनसभा; मीना तिवारी बोलीं– बलात्कारियों को बचा रही है सरकार



प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। केशववाणी बिहारशरीफ। ‘बेटी बचाओ न्याय यात्रा’ के बिहारशरीफ पहुंचने पर करूणाबाग (सोहसराय) चौराहे पर फुटपाथी दुकानदारों ने फूल–माला पहनाकर न्याययात्रियों का स्वागत किया। इसके बाद हॉस्पिटल मोड़ पर आयोजित नुक्कड़ सभा में महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की मांग को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई।

सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा (एआईपीडब्ल्यूए) की महासचिव मीना तिवारी ने कहा कि नीट की तैयारी कर रही छात्राओं से बलात्कार और हत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का ‘बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ’ नारा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। माता–पिता अपनी बेटियों को पढ़ने भेजते हैं, लेकिन उन्हें उनकी मृत देह मिलती है।

उन्होंने कहा कि छात्राएं शंभु हॉस्टल और प्रिफेक्ट हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थीं, जहां उनके साथ बर्बर व्यवहार कर हत्या कर दी गई। पुलिस शुरू से ही मामले को आत्महत्या बताने में जुटी रही है। उन्होंने हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की और कहा कि न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही 10 फरवरी को पटना गांधी मैदान में आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में माले जिला सचिव सुरेंद्र राम सहित सोहिला गुप्ता, संगीता सिंह, रीता वर्णवाल, लीला वर्मा, अंजुषा कुमारी, वंदना प्रभा, प्रीति कुमारी, सबीर कुमार, कुमार दिव्यम, प्रिया, मनीषा और अनु सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्याय यात्रा के स्वागत में हॉस्पिटल मोड़ पर पाल बिहारी लाल, अनिल पटेल, सुनील कुमार, वीरेश कुमार, राजेश कुमार, मकसूदन शर्मा, बाढ़न पासवान, बृज किशोर प्रसाद, किशोर साव, रामप्रीत केवट, विनोद रजक, सुभाष शर्मा, सत्यनारायण प्रसाद, दामोदर दास समेत सैकड़ों महिला–पुरुष शामिल हुए।



# जिला कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़, असामाजिक तत्वों ने बिजली बोर्ड व मौलाना आजाद का फोटो क्षतिग्रस्त किया

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। केशववाणी बिहारशरीफ। जिला कांग्रेस कार्यालय में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 4 फरवरी 2026 की रात अज्ञात व्यक्तियों ने कार्यालय परिसर में लगे तीन बिजली बोर्ड क्षतिग्रस्त कर दिए तथा मौलाना अबुल कलाम आजाद का फोटो तोड़ दिया। साथ ही बिजली के तार भी नोचकर ले गए। 5 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे कार्यालय खुलने पर घटना की जानकारी हुई। कार्यालय में कई स्थानों पर क्षति देखी गई, जिससे कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

घटना की सूचना जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री नरेश प्रसाद अकेला ने तत्काल लहेरी थाना को दी। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान करते हुए कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# स्वतंत्रता सेनानी व बिहार के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री बाबू जगलाल चौधरी की 131वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



केशववाणी बिहारशरीफ। स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के भूतपूर्व प्रथम स्वास्थ्य मंत्री बाबू जगलाल चौधरी की 131वीं जयंती बिहारशरीफ के आनंद मार्ग ब्लॉक चौक पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। अतिपिछड़ा/दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने कहा कि बाबू जगलाल चौधरी का जन्म 5 फरवरी 1895 को सारण जिले के गड़खा प्रखंड के मीटेपुर गांव में हुआ था। वे एक स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और प्रखर राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने महिलाओं के अधिकार, दलित उत्थान, शिक्षा और भूमि सुधार के लिए जीवनभर संघर्ष किया।भूमि सुधार के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने अपनी चिकित्सा शिक्षा बीच में छोड़कर 1921 में असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। वे जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य बने और 1937 में पहली बार बिहार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। उस समय वे राज्य के चौथे मंत्री बने और 1938 में समाजहित में बिहार में शराबबंदी कानून लागू कराने में अहम भूमिका निभाई।नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। 1942 के आंदोलन के दौरान उन्होंने गड़खा में सत्याग्रह का नेतृत्व किया, जिसके चलते उन्हें पांच वर्ष की सजा हुई। इस दौरान उनके पुत्र की भी पुलिस गोलीबारी में मौत हो गई। वे 1946 तक जेल में रहे।

1975 में उनका निधन हो गया। उनके सम्मान में छपरा में जगलाल चौधरी कॉलेज का नाम रखा गया है तथा 14 अगस्त 2000 को भारत सरकार ने उनके नाम पर डाक टिकट जारी कर उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम में महेंद्र प्रसाद, मोहम्मद सादिक अजहर, सुरेंद्र शर्मा, अजीत कुमार चौधरी सहित कई कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।




## नालंदा की विरासत

# गृद्धकूट पर्वत रहा है भगवान बुद्ध का प्रिय स्थल, बौद्धिष्टों का है मक्का–मदीना है गृद्धकूट

## गृद्धकूट पर्वत – गृद्धकूट पर्वत पर छिपा है कई रहस्य

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी*


राजगीर (नालंदा)– राजगीर (नालंदा)– गृद्धकूट पर्वत (वल्चर पीक)। रत्नागिरि के पास की पर्वत चोटी। आगे जाने पर अशोक स्तूप। भगवान बुद्ध के प्रिय स्थलों में से एक। दूर से देखने पर गिद्ध के समान आकृति। मानो गिद्ध चोटी पर बैठा हो, ऐसी पत्थरों की आकृति। यहीं सब मोहने के लिए काफी है। इसकी ऐतिहासिकता व धार्मिकता अलौकिक। इसी कारण बौद्ध धर्म के अनुयायी यहां एक बार जरूर आते हैं। यह उनके लिए मक्का–मदीना से कम नहीं है। वसंत काल में राजगीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है। हालाकि यहां प्रतिमा नहीं है। पिण्डी ही है। गृद्धकूट का बौद्ध धर्म में बड़ा पवित्र स्थान है। यहां भगवान बुद्ध ने ज्ञान के सूत्र का उपदेश दिया था। इस सूत्र में भगवान की करुणापरायणना साफ झलकती है। इस स्थल पर सुबह में जब सूर्योदय का समय होता है तो काफी मनोरम छंटा दिखायी देती है। इसी कारण खासकर बौद्धिस्ट लोग यहां पर सूर्य का दर्शन करने की मंशा और भगवान बुद्ध की पूजा दोनों के लिए



*आते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह का स्थल श्रीलंका में श्रीपद नाम स्थान में भी है, जहां से सूर्योदय का दर्शन करने लोग काफी संख्या में जाते हैं। उन्होंने बताया कि घर छोड़ने के बाद बुद्ध ने यहां तपस्या की थी। यह पर्वत शहर से दूर रोपवे के पास है। रोपवे से सीढ़ियों के माध्यम से श्रद्धालु यहां जाते हैं। हालाकि इस स्थल पर कुछ लोग यहां पर प्रतिमा रखकर लोगों को भ्रमित भी करते रहते हैं। लोगों ने कहा कि इस पावन जगह पर लोगों की सुरक्षा के लिहाज से कैमरे लगाये जाने की जरूरत है। इससे एक तो निगरानी भी होगी और सुरक्षा भी।*

### *भगवान बुद्ध के ध्यान में लीन हो जाते हैं पर्यटक*

*विदेशों से आने वाले बौद्धिस्टों के लिए यह स्थल मक्का मदीना जैसा है। इस कारण वे यहां पर आकर घंटों तक तपस्या करते हैं। विदेशी पर्यटकों के आने से रोपवे से लेकर पहाड़ तक जाने वाले रास्ते में सैंकड़ों की संख्या में भिखारी लोगों का भी पेट चलता है। कोई माला बेचकर तो कोई भीख मांगकर तो कोई पानी सहित अन्य जड़ी–बूटी बेचकर अपना रोजी–रोटी करते हैं। ऐसी मान्यता रही है कि भगवान बुद्ध ने यहां काफी समय बीताया था। उनके प्रिय स्थलों से से यह एक है।*



# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार को समारोह पूर्वक दी गई विदाई, शिक्षकों व छात्रों ने किया सम्मान

रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी । थरथरी (नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय भतहर में गुरुवार को प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भा. वनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

समारोह का उद्घाटन वीईओ पुष्पा कुमारी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य विद्यालय नरारी के प्रधानाध्यापक रामप्रवेश राम ने की, जबकि संचालन मध्य विद्यालय नारायणपुर के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार चौधरी ने किया।

विदाई समारोह में बीईओ सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा विद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षकों एवं सहकर्मियों ने सर्वेश कुमार को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अपने सम्मान को देखकर वे भावुक हो उठे।अपने संबा. ेधन में सर्वेश कुमार ने कहा कि यह पल उनके जीवन का बेहद भावुक क्षण है। उन्होंने विद्यालय परिवार, स्थानीय लोगों और सहकर्मियों से मिले सहयोग, स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही छात्रों को मेहनत, अनुशासन और लगन से पढ़ाई कर उज्ज्वल भविष्य बनाने की सलाह दी।वीईओ पुष्पा कुमारी ने कहा कि सर्वेश कुमार की सेवानिवृत्ति शिक्षा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे सेवानिवृत्ति के बाद भी बच्चों को मार्गदर्शन देते रहेंगे।






कार्यक्रम गाजे–बाजे और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। आयोजन की जिम्मेदारी मध्य विद्यालय भतहर के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने निभाई।इस अवसर पर एचएम मो. इम्तियाज हुसैन, संजय कुमार, उपेंद्र प्रसाद, देवकुमार, रविरंजन कुमार, इन्द्रदेव प्रसाद, कृष्ण कुमार, शैलेन्द्र कुमार, प्रखंड एमडीएम प्रभारी विक्की कुमार, नंदू पासवान, धर्मेंद्र चौधरी, विमलेश ठाकुर, सचिन कुमार, मंजू कुमारी, सुनीता कुमारी, शम्मी कुमारी, अनामिका कुमारी, प्रेरणा प्रकाश, स्नेहा भारती, चंचल कुमारी, मनेन्द्र कुमार, राजीव प्रसाद, विभुभूषण कुमार, नीरज कुमार शर्मा, अर्चना कुमारी, अमोला देवी समेत कई शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी ने बिहारशरीफ प्रेस क्लब का किया निरीक्षण, जल्द क्रियाशील करने का दिया निर्देश

रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी । नालंदा। पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय अवध कुमार सिंह की 8वीं पुण्यतिथि बुधवार को उनके पैतृक गांव बहादुर बिगहा में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों एवं समर्थकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया।

अकौना पंचायत के मुखिया अभय सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. अवध कुमार सिंह अपनी कार्यकुशलता, निर्णय क्षमता, ईमानदारी और फक्कड़ स्वभाव के कारण हमेशा ग्रामीण राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे जीवनभर गांव के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे। एक प्रखर वक्ता के रूप में उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुखिया अभय सिंह ने कहा कि स्व. सिंह के अधूरे सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर मंटू सिंह, बबलू सिंह, सरपंच हीरालाल प्रसाद, रामबृक्ष सिंह, उपेंद्र कुमार आर्या, अनिमेष सिंह, विनोद सिंह, जितेंद्र कुमार, रजनीश सिंह, रामविलास सिंह सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सोशल मीडिया पोस्ट से मचा हड़कंप, कटौना गांव पहुंची पुलिस जांच में मामूली विवाद, घायलों ने लगाया हमले का आरोप

रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी | कतरीसराय (नालंदा)। थाना क्षेत्र के कटौना गांव से जुड़ी एक कथित घटना की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस बल के साथ गांव पह. ुंचकर पूरे मामले की जांच–पड़ताल की।सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि रविदास समाज के लोगों की पानी और बिजली आपूर्ति रोक दी गई है तथा हथियारबंद लोगों द्वारा टोला में घुसने की आशंका है। पोस्ट में किसी बड़े हादसे की चेतावनी देते हुए पुलिस से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की गई थी।ह. ालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला उतना गंभीर नहीं पाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण एक पक्ष ने शॉर्ट डाउन किया था, जिससे दोनों पक्षों के युवकों के बीच कह. ासुनी और हल्की मारपीट हुई। इसे सोशल मीडिया पर बढ़ा–चढ़ाकर पेश कर दिया गया। पानी–बिजली रोकने या हथियारबंद हमले की पुष्टि नहीं हुई है।



वहीं, घायलों ने अलग आरोप लगाए हैं। कारू रविदास (45), ओमप्रकाश (16), रामाश्रय रविदास (25) और बबलू रविदास (36) ने रात में बिजली काटने और सामूहिक हमले का आरोप लगाया। बबलू रविदास ने बताया कि विरोध करने पर लाठी–रॉड, पत्थर और ईंट से हमला किया गया। उन्होंने कुछ लोगों को नामजद करते हुए 25–30 लोगों की संलिप्तता का दावा किया है।पुलिस ने घायलों का इलाज कराया है और उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य और शांतिपूर्ण बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और बिना पुष्टि सोशल मीडिया पर पोस्ट न करने की अपील की है।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले राधा–कृष्ण की प्रतिमा का नगर भ्रमण, भव्य शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट केशववाणी | राजगीर (नालंदा)। भागवत कथा के छठे दिन गुरुवार को देवी स्थान मंदिर परिसर से राधा–कृष्ण की प्रतिमा का भव्य नगर भ्रमण कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पालकी पर श्री राधा–कृष्ण की आकर्षक प्रतिमा के साथ अन्य आराध्य देवताओं की मूर्तियां भी स्थापित की गई थीं।शोभायात्रा देवी स्थान मंदिर से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गों और मंदिरों से होकर गुजरी। बड़ी संगत स्थित विष्णु मंदिर, थाना रोड के रामकुटी हनुमान गढ़ी, ब्रह्मकुंड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, गढ़ महादेव मंदिर, बस स्टैंड स्थित त्रिदंडी आश्रम और नौलखा मंदिर मोड़ स्थित ठाकुरबाड़ी में दर्शन कराते हुए यात्रा पुनः देवी स्थान मंदिर लौटी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।ढोल–नगाड़ों, शंखनाद और 'जय श्री राधे–कृष्ण' के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामकृष्ण प्रसाद सिंह, पूर्व पार्षद इन्द्र मोहन सिंह निराला, उपेंद्र कुमार विभूति, मालती देवी, शारदा सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।



कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण प्रसाद सिंह ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रतिमाओं का नगर भ्रमण श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन कराने, उत्साह बढ़ाने और समाज को धार्मिक रूप से जोड़ने की परंपरा है। कथा वाचक आचार्य दीनबंधु शरण ने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सत्य, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

शुक्रवार को सातवें दिन वैदिक मंत्रोच्चार और अखंड महाअष्टयाम संकीर्तन के साथ विधि–विधान से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।



# स्व. कृष्ण बल्लभ प्रसाद की २५वीं पुण्यतिथि पर

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ



रानी सिन्हा की रिपोर्ट, केशववाणी । इसलामपुर ( नालन्दा ) इसलामपुर के पूर्व विधायक जन नेता स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद की 25 वीं पुण्य तिथि धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर इसलामपुर नगर के गया रोड स्थित गांधी मेमोरियल खानकाह हाई स्कूल के खेल मैदान मे कृष्ण बल्लभ एजुकेशनल एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि–शुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्ण वल्लभ प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र सह इसलामपुर विधानसभा के पूर्व विधायक सह ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार रौशन अधिवक्ता ने अपने समर्थकों के साथ इसलामपुर नगर के बीव चौक स्थित स्व० कृष्ण बल्लभ प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया / पुण्यतिथि के अवसर पर गया रोड खानकाह हाई स्कूल के मैदान मे लगे चिकित्सा शिविर मे अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और चिकित्सा शिविर का विधिवत उद्घाटन पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने कहा कि इसलामपुर के पूर्व विधायक स्व० कृष्ण वल्लभ प्रसाद की 25 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इसलामपुर खानकाह हाई स्कूल के मैदान मे कृष्ण वल्लभ एजुकेशनल एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सह दवा वितरण शिविर लगाया गया है। इस चिकित्सा शिविर मे सभी विभाग के चिकित्सक शामिल हुए। जिसमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉ० अनन्या रौशन ,डॉ० दीपक बात्सल्य , डॉ तल्हा सिद्दीकी , डॉ स्मृति विजय , स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ भारती कुमारी, डॉ नीतू,जेनरल सर्जन डॉ० किसलय कांत ,जेनरल सर्जन शुगर स्पेशलिस्ट डॉ अमरेंद्र कुमार , हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विद्यानाथ कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार , डी ओ डॉ राजीव कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ब्रजेश कुमार डॉ राजाराम यादव , डॉ संत कुमार डॉ शशि रंजन सहित कई रोगों से संबंधित दर्जनों विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित थे। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर मे रोगियों को देखने के लिए दर्जनों स्टाल लगाए गए थे। पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने बतलाया कि नि:शुल्क चिकित्सा शिविर मे शिविर से पूर्व नि. बंधन कराये हुए रोगियों का इलाज करवाने के बाद मुफ्त में दवा भी दी गई । ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के शिविर लगने से गरीबों को बहुत ही स्वास्थ्य लाभ मिलता है। पैसे के अभाव के कारण जो बाहर मे अपना एवं परिवार के लोगों का इलाज नहीं करवा पाते है। इस तरह का शिविर लगने से उन लोगों को काफी लाभ मिलता है। साथ ही पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने कहा स्व० कृष्ण बल्लभ प्रसाद इस क्षेत्र के विधायक थे। और वह हमेशा गरीबों एवं शोषितों के हक लिए आवाज उठाते रहते थे। इस अवसर पर मंजू रौशन, श्री. निवास शर्मा, रवि सिंह , रानीपुर पंचायत की मुखिया रिंकू देवी, मुखिया युगेश्वर यादव, रंजीत मिस्त्री , पूर्व मुखिया अनील सिंह ,पूर्व जिप सदस्य मिथिलेश यादव, संडा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव,उपेंद्र यादव, एजाज अहमद अधिवक्ता , जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि रंजीत यादव ,मुनेश्वर प्रसाद सिंह , पैक्स अध्यक्ष बिजेंद्र यादव , बब्लू यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिहारशरीफ में बढ़ता नशाखोरी का संकट, युवा और बच्चे हो रहे शिकार; सामाजिक संगठनों से अभियान चलाने की अपील

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, केशववाणी । बिहारशरीफ। शहर के विभिन्न मुहल्लों में नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक रूप लेती जा रही है। हालात यह हैं कि युवाओं के साथ–साथ छोटे–छोटे बच्चे भी गांजा, अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन की चपेट में आ रहे हैं। खुलेआम नशे का कारोबार होने से समाज पर इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बैगनाबाद, नईसराय, गढ़पर, अंबर, मुरारपुर, महलपर सहित कई इलाकों की गलियों में नशे के विक्रेता और ग्राहक सक्रिय हैं। गरीब और कमजोर वर्ग के लोग इस समस्या का सबसे अधिक शिकार बन रहे हैं। नशे की लत के कारण कई परिवार आर्थिक संकट, कर्ज और सामा. जिक तनाव से जूझ रहे हैं, जिससे घरेलू कलह और आत्महत्या जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं।लोगों ने चिंता जताई कि इस गंभीर मुद्दे पर न तो सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई दिख रही है और न ही किसी संस्था द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सामाजिक कार्य में रुचि रखने वाले नागरिकों ने अपील की है कि जो भी सामाजिक संगठन या एनजीओ नशा मुक्ति अभियान पर कार्य कर रहे हों, वे आगे आएं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी ऐसे किसी संगठन के साथ जुड़कर नशे के खिलाफ अभियान चलाने को तैयार हैं। यदि एआईसीवाईए (।प्ब्ल।) या अन्य संगठन विशेष रूप से नालंदा जिले में इस दिशा में काम कर रहे हैं, तो उन्हें पूरा सहयोग दिया जाएगा।

लोगों का मानना है कि समय रहते सामूहिक प्रयास नहीं किए गए तो यह समस्या समाज की नई पीढ़ी को बर्बाद कर सकती है।

# बिहारशरीफ में राष्ट्र रक्षा यज्ञ सह विराट हिंदू सम्मेलन, भव्य कलश यात्रा में उमड़ी भीड़



रानी सिन्हा की रिपोर्ट, केशववाणी । बिहारशरीफ। शहर में आयोजित राष्ट्र रक्षा यज्ञ सह विराट हिंदू सम्मेलन के तहत भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची।

यात्रा के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर भाग लिया, वहीं युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे मार्ग में भक्ति गीत, जयकारों और धार्मिक नारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

आयोजकों ने बताया कि राष्ट्र रक्षा यज्ञ और हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान, हवन–पूजन एवं प्रवचन का भी आयोजन किया गया।

सम्मेलन में कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुलिस फरियादियों से अच्छा व्यवहार करे: एसपी

रानी सिन्हा की रिपोर्ट, केशववाणी । नूरसराय (नालंदा)। नूरसराय थाना परिसर में गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक (एसपी) भरत सोनी ने शिरकत कर लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में दर्जनों आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

एसपी भरत सोनी ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि हर हाल में न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर है, वहीं आम नागरिकों को भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में मदद करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आपके प्रयास से किसी की जान बच सकती है।

इस दौरान एसपी ने थानाध्यक्ष अरविंद कुमार को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। साथ ही थाना का निरीक्षण कर विधि–व्यवस्था और कांड निष्पादन से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

उन्होंने विशेष रूप से पुलिसकर्मियों को फरियादियों के साथ विनम्र और संवेदनशील व्यवहार करने की हिदायत दी।

मौके पर एसडीपीओ–2 संजय कुमार जायसवाल, इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, अपर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# लगातार 15 दिन अनुपस्थित रहने वाले छात्रों का कटेगा नामांकन: प्राचार्य

## नियमित रूप से कॉलेज आएं छात्र, शत–प्रतिशत उपस्थिति जरूरी

अनुमंडल संवाददाता, राजगीर,राजीव लोचन की रिपोर्ट, केशववाणी । राजगीर (नालंदा)। राजकीय डिग्री कॉलेज, राजगीर में नामांकित छात्रों की कक्षाएं नियमित रूप से शुरू हो चुकी हैं। प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2023–27, 2024–28 एवं 2025–29 के छात्रों के सेमेस्टर–2, सेमेस्टर–4 और सेमेस्टर–6 की पढ़ाई सुचारु रूप से संचालित की जा रही है।उन्होंने छात्रों से नियमित रूप से कॉलेज आने की अपील करते हुए स्पष्ट कहा कि जो छात्र लगातार 15 दिनों तक अनुपस्थित रहेंगे, उनका नामांकन रद्द किया जा सकता है। शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे उपस्थिति की निगरानी करें और अनुपस्थित छात्रों की सूची तैयार करें।

प्राचार्य ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब एवं मेधावी छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जिसका लाभ लेने के लिए शत–प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन कॉलेज भेजना सुनिश्चित करें।

